# 1.41 करोड़ रुपये की लागत से होंगे विकास कार्य: रेखा आर्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कुवाली गांव में आदि बद्रीनाथ मंदिर और पिपलेश्वर महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। मौके पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि योजनाओं से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत पिपलेश्वर महादेव मंदिर के लिए 51.41 लाख रुपये तथा आदि बद्रीनाथ मंदिर के लिए 89.80 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि मंदिरों के सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। कार्यक्रम के दौरान मनचौड़ा ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह, मिटारकोट ग्राम प्रधान हंसराज आर्य, मजखाली से सूबेदार जितेंद्र सिंह अधिकारी, धनखोली ग्राम प्रधान सपना आर्या, संजय आर्य, चकुनी ग्राम प्रधान मनोज सिंह सहित अन्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यहां दीपक बोरा, हेम पांडे, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, जिला पंचायत सदस्य दीपक कन्नू शाह, मंजू वर्मा, हिमांशु कुमार, दीपक रावत, राज अधिकारी, मिथिलेश वर्मा, जगदीश कुमार, हेमा रावत, मंडल अध्यक्ष गणेश जलाल, दीवान सिंह जलाल, नंदन सिंह बिष्ट, हर्ष सिंह बिष्ट, दिनेश वर्मा, भगवत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



# तीन दिवसीय धरमघर महोत्सव का रंगारंग आगाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के मध्य में स्थित धरमघर में तीन दिवसीय धरमघर महोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया है। महोत्सव में लोक कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाएं भी अपनी प्रस्तुति दे रही हैं। शनिवार को महोत्सव की शुरुआत कलश यात्रा और आकर्षक झांकी के साथ हुई, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों ने पारंपरिक परिधान पहनकर सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। महोत्सव का शुभारंभ गंगोलीहाट के विधायक फकीर राम और पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन दोनों जिलों की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का संगम है और संस्कृति संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विधायक फकीर राम ने कहा कि सरकार महोत्सवों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है। वहीं, बलवंत सिंह भौर्याल ने लोगों से कार्यक्रम का शांतिपूर्वक आनंद लेने की अपील की। महोत्सव समिति के अध्यक्ष गोकुल पंचपाल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सचिव केदार महर ने किया। महोत्सव में स्थानीय स्कूली बच्चों व कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर किशन राठौर, हिमांशु राठौर, चेतन धर्मशक्तू, भरत लस्पाल, धीरज महरा, मनोज पाठक, विक्रम शाही, योगेश हरड़िया, धन सिंह भौर्याल, जिला पंचायत सदस्य ज्योति राठौर, शेखर जोशी, कांडा थानाध्यक्ष दिनेश पंत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। तीन दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में कुमाऊं और गढ़वाल के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे, जिससे क्षेत्रीय संस्कृति को नया मंच मिलेगा।

## सेनि. केंद्रीय कर्मचारी समिति की हुई बैठक

**अल्मोड़ा।** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही धारानौला और माल रोड से संचालित होने वाली बसों की समय सारिणी चस्पा किए जाने की मांग उठाई। नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने सैनिक स्कूल खोलने और कुमाऊं-गढ़वाल के लिए तीस फीसदी सीटें आरक्षित करने, नगर में बसों के संचालन का समय पता नहीं होने से यात्री परेशान रहते हैं। इसके लिए समय सारिणी चस्पा करने, रैमजे पार्क का नाम शहीद या किसी विभूति के नाम पर रखने समेत कई मांगों को रखा। वहीं, शासन प्रशासन से जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। यहां बैठक में डा. पीसी जोशी, सीएस सिराड़, जीएस फर्त्याल, मोहन सिंह रावत, दीवान सिंह, त्रिलोक सिंह, आरपी जोशी, नवीन जोशी, एनडी पांडे, एमसी कांडपाल, रविंद्र भूषण जोशी, रमेश पंत, हरीश लाल, शेष राम, बिशन सिंह, गणेश आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### महात्मा ज्योतिराव फुले जयंती पर कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई और डा. आंबेडकर चेयर ने महात्मा ज्योतिराव फुले जयंती के अवसर पर समानता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई, इसके बाद उनके सामाजिक सुधार, जाति उन्मूलन और महिला शिक्षा में योगदान पर चर्चा की गई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने डिजिटल पोस्टर और नाटक के माध्यम से सामाजिक असमानताओं और शिक्षा के महत्व को दर्शाया। महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल ने विद्यार्थियों को असमानताओं के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन समानता, न्याय और शिक्षा के प्रचार की शपथ के साथ हुआ।

### लाखों रुपये की गेहूं की फसल आग से जली

**काशीपुर।** तेज हवाओं के चलते आग लग जाने से गेहूं की पकी फसल जलकर खाक हो गई। इससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली आईटीआई अंतर्गत ग्राम अजीतपुर के समीप ग्राम रजपुरा रानी में तेज हवाओं के चलते करतार सिंह पुत्र जागीर सिंह और गज्जन सिंह पुत्र सिंगारा सिंह के गेहूं के खेत में आग लग जाने से करीब 8-9 एकड़ में पकी खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों द्वारा आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस घटना में लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।

### दर्जाधारी सीमा चौहान का किया स्वागत

**काशीपुर।** उत्तराखंड सरकार में मनोनीत दर्जा राज्यमंत्री सुश्री सीमा चौहान का देवभूमि व्यापार मंडल काशीपुर द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में देवभूमि व्यापार मंडल के आशीष अरोरा बॉबी, गुरविंदर सिंह चंडोक, सुनील टंडन, राकेश नरूला समेत अन्य लोग मौजूद थे। उधर भाजपा जिला कार्यालय काशीपुर में उत्तराखण्ड सरकार में सीमा चौहान के दर्जा राज्यमंत्री बनने के उपरान्त अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा यशपाल राजहंस, धर्मवीर पासी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज मनराल, सांसद प्रतिनिधि विजय पाल जाटव, मण्डल अध्यक्ष मोर्चा भाजपा नेत्री उषा शर्मा, रेखा सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### फायर करने वाला गिरफ्तार

**काशीपुर।** अवैध शस्त्र से फायर करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। उपनिरीक्षक पुष्कर भट्ट मय पुलिस टीम चैकिंग करते हुए अजीतपुर क्षेत्र पहुंचे तो मुखबिर की सूचना पर अजीतपुर कोसी नदी क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना करने वाले अभियुक्त परविंदर सिंह उर्फ पिंकी पुत्र स्व. दयाल सिंह निवासी अजीतपुर कोतवाली आईटीआई जनपद ऊधम सिंह नगर को मय 01 अदद देशी पिस्टल 32 बोर मय मैग्जीन के जुर्म धारा 03/25 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया।

### साइबर ठगों ने ठगे एक लाख रुपये

**काशीपुर।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 1 लाख रुपये की ठगी कर ली। कवि नगर निवासी अमरेश चन्द्र कुशवाहा पुत्र रामकिशन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सिद्धार्थ पेपर मिल में कार्यरत हैं। 8 दिसम्बर 2025 को उनके व्हाट्सअप पर एक एपीके फाइल प्राप्त हुयी थी जो फोन पर इंस्टाल कर ली गयी थी। इसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल का एक्सेस लेकर उनका मोबाइल हैक कर लिया और उनके खाते से 8 से 10 दिसम्बर 2025 तक कुल 1,00,012 रुपये की धनराशि अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाल ली गयी है। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) तथा आईटी एक्ट की धारा 66सी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सफाई के लिए प्रेरित कर रहा नगर निगम

**काशीपुर।** नगर निगम द्वारा चैती मेले में 6 बिन पाठशाला स्टॉल के माध्यम से कैलेंडर, ब्रोशर और स्टिकर्स के जरिए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह स्टॉल 24 मार्च 2026 से प्रारंभ होकर मेले की पूरी अवधि तक प्रतिदिन लगाया जा रहा है। स्टॉल पर 6-बिन सेग्रीगेशन को स्टिकर्स के माध्यम से सरल तरीके से समझाया जा रहा है, ताकि लोग आसानी से कचरे के सही पृथक्करण को अपनाएं।

### तंबाकू डीलरों का पुतला फूंक किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** शराब और तंबाकू पदार्थों की ओवर रेटिंग के खिलाफ व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को स्थानीय लोगों और छोटे व्यापारियों ने चौघानपाटा में डीलरों का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। शासन प्रशासन से डीलरों पर कार्रवाई की मांग उठाई। मौके पर व्यापारियों ने कहा कि शराब की दुकानों में प्रिंट रेट अधिक वसूली की जा रही है। वहीं, तंबाकू कंपनियों के डीलर सामान को प्रिंट रेट से अधिक मूल्य में दिए जा रहे हैं। मजबूरन छोटे व्यापारियों को सामान खरीदना पड़ रहा है। कहा कि ऐसे में छोटे कारोबारियों को भी ग्राहकों को अधिक दामों में सामान बेचना पड़ रहा है। व्यापारियों ने शासन प्रशासन से शराब की ओवर रेटिंग और तंबाकू डीलरों पर कार्रवाई की मांग उठाई। जल्द कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यहां पुतला फूंकने वालों में राजीव गुरुरानी, राकेश जोशी, दिनेश जोशी, आशु भट्ट, सुनीता मेहता, अरुण त्रिपाठी, आयुष जोशी, गिरीश नाथ गोस्वामी समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

# महिला को दबंगों से जान माल का खतरा!

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** महिला ने दबंगों से जान माल का खतरा बताते हुए कालाढूंगी कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार मीना देवी पत्नी भुवन चन्द्र एवं पुत्री बच्ची राम निवासी ग्राम रामपुर पाटकोट, नैनीताल की निवासी है। महिला 10 अप्रैल को अपने मायके पाटकोट जा रही थी, जिसे उसके चचेरे भाई लीलाराम, गिरीश चन्द्र पुत्रगण स्व. पुरुखराम रीना पत्नी लीलाराम एवं शान्ति देवी पत्नी गिरीश चन्द, चन्दन राम पुत्र धनी राम् निवासीगण पाटकोट, ने रस्ते में रोककर कहा कि अगर एक कदम भी यहां से आगे बढ़ाया तो हम तेरे हाथ पैर तोड़ देंगे तथा तुझे गोली मार देंगे व गंदी गंदी गालियों देने लगे। महिला ने बताया उसके द्वारा जब विरोध किया गया तो उक्त लोग अभद्रता व लड़ाई-झगड़ा करने पर आमादा हो गये। बमुश्किल उन लोगों से महिला ने अपनी जान बचाई। वही महिला ने बताया कि षड़यंत्र के तहत इन लोगों ने 8-10 बाहरी अज्ञात व्यक्तियों को हथियारों से लैस होकर वहाँ बुलाया था, जो महिला के हाथ-पैर काटने व गोली मारने की लगातार धमकी दे रहे थे। वही महिला ने बताया कि लीला राम व गिरीश चन्द्र प्रार्थिनी को धमकी दे रहे थे कि तू हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। हमारी पुलिस में भी अच्छी पहुँच है। महिला ने उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी करवाई की मांग की है। वही इस प्रकरण पर भीम फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश राज अम्बेडकर ने कहा आरोपियों के खिलाफ करवाई की जाए वरना भीम फोर्स आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

# गोविंद पिलख्वाल का भव्य स्वागत

## दर्जा राज्यमंत्री को भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादा

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के उपाध्यक्ष गोविंद सिंह पिलख्वाल शनिवार को अल्मोड़ा पहुंचे। दर्जा मंत्री बनने के बाद प्रथम बार गृह जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। नगर के सिकुड़ा बैंड से मालरोड तक स्वागत रैली निकाली। शनिवार को दर्जा मंत्री बनने के बाद गोविंद सिंह पिलख्वाल अल्मोड़ा पहुंचे। यहां सिकुड़ा बैंड के पास कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। जिसके बाद स्वागत रैली निकाली अल्मोड़ा पहुंचे। इस दौरान दर्जा मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत ही उन्हें आज यह पद मिला है। उन्होंने रैली के दौरान जनता का भी अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में देश और राज्य लगातार प्रगति की ओर है। वहीं, नगर के निजी होटल सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। यहां स्वागत कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, जिलाध्यक्ष महेश नयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, मेयर अजय वर्मा, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, ब्लॉक प्रमुख नीमा आर्या, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, जिला महामंत्री दर्शन रावत, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, किरन पंत, ललित लटवाल, कुंदन लटवाल, बिट्टू कर्नाटक, पंकज भाकुनी, प्रकाश बिष्ट, संजय बिष्ट, अमित साह मोनू, कैलाश गुरुरानी, हरीश कनवाल, नीरज सांगा, मनोज तिवारी, अमित बिष्ट, अभिषेक जोशी, प्रदीप मेहता, आनंद कनवाल, अर्जुन बिष्ट, चंदन बहुगुणा, सौरभ वर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## आंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** आंबेडकर जयंती के अवसर पर पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कालेज में जिला स्तरीय भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चित्रकला वर्ग में योगेश कुमार ने पहला, प्रियांशु आर्य ने दूसरा और नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में मानस धौनी पहले, जिज्ञासा पंत दूसरे और लक्षिका पाठक तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम का विषय राष्ट्र निर्माण में डा. भीमराव आंबेडकर का योगदान था, जिस पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार आर्य और प्रधानाचार्य दीपचंद्र जोशी ने विद्यार्थियों की सराहना की।

# शराब की दुकान के विरोध में धरना

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** जनपद नैनीताल की न्याय पंचायत खुर्पाताल के घटगड़ इलाके में प्रस्तावित मदिरा की दुकान के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने एकजुट होकर धरना-प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले खुर्पाताल और बजून क्षेत्र में मदिरा की दुकान खोले जाने के प्रस्ताव का सैकड़ों लोगों ने विरोध किया था, जिसके बाद आबकारी विभाग ने आश्वासन दिया था कि यहां शराब की दुकान नहीं खोली जाएगी। लेकिन अब आरोप है कि विभाग ने वादा तोड़ते हुए घटगड़ क्षेत्र में दुकान खोलने की तैयारी शुरू कर दी है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराज़गी है। धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि यहां मदिरा की दुकान खोली गई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इसके साथ ही ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शराब ठेकेदार के सहयोगियों द्वारा उन्हें डराया धमकाया जा रहा है और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान गोविंद अधिकारी सहित योगेश बिष्ट, कांति बिष्ट, सूरज अधिकारी, नीमा देवी, सरिता देवी राधा बिष्ट, उमा देवी, हेमा देवी, सुनीता बिष्ट, लीला बिष्ट, कमला देवी, माधो सिंह आदि दर्जनों महिला सहित ग्रामीण मौजूद थे।



# महापौर दीपक बाली ने नौ और सड़कों का किया शिलान्यास

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में काशीपुर की जनता से किए गए गड्ढा मुक्त काशीपुर के संकल्प के तहत महापौर दीपक बाली ने वार्ड संख्या 39, प्रभात कॉलोनी में 60 लाख 46 हजार की लागत से 4 सड़कों और वार्ड संख्या 30, पक्का कोट में 46 लाख 62 हजार की लागत से 5 सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। अपने बीच पहुंचने पर महापौर का वार्ड वासियों ने बड़ी ही गर्म जोशी से स्वागत किया और कहा कि उनका सड़क बनने का वर्षों पुराना सपना अब साकार हुआ है जिसके लिए महापौर दीपक बाली बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर पार्षद अनीता कांबोज, पार्षद सुरेश सैनी, पार्षद मोनीश आशी, पार्षद रवि प्रजापति, शक्ति केंद्र संयोजक सचिन ठाकुर, भगवत सिंह, बूथ अध्यक्ष संतन सिंह रावत, अरविंद कुमार रस्तोगी, किसान मोर्चा अध्यक्ष तरसेम सिंह, जिला महामंत्री करन भारद्वाज, ईश्वर गुप्ता, अभिषेक गोयल, दुर्गेश गुप्ता, चौधरी समरपाल सिंह एवं जसवीर सिंह सैनी उपस्थित रहे।



# 108 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** कोतवाली आईटीआई पुलिस ने 108 ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एसपी एसके सिंह ने बताया कि एसएसपी द्वारा जनपद में मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी को रोकने के संबंध में दिए गए आदेशों/निर्देशों एवं ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत आईटीआई कोतवाली पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को खोखरा मंदिर रोड पर शमशान घाट के पास चेकिंग के दौरान स्कूटी संख्या यूके18-वी-4288 सवार खड़कपुर देवीपुरा निवासी सचिन कुमार पुत्र चंद्रपाल और सुनील कुमार पुत्र गणेशी को गिरफ्तार किया। तलाशी में स्कूटी चालक सचिन कुमार के पास 68 ग्राम तथा सुनील कुमार के पास 40 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि यह स्मैक वे खड़कपुर देवीपुरा निवासी बंटी पुत्र मुरारी लाल से लेकर आए थे। धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसपी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास है। संयुक्त टीम में कोतवाली आईटीआई निरीक्षक रवि सैनी, वरिष्ठ उप निरीक्षक अरविंद बहुगुणा, उपनिरीक्षक सुनील सुतेड़ी प्रभारी एसओजी काशीपुर, उपनिरीक्षक पंकज कुमार कोतवाली आईटीआई, हेड कां. विनय कुमार एसओजी काशीपुर, कां. दीपक जोशी कोतवाली आईटीआई, कां. हरीश गोस्वामी एसओजी काशीपुर थे।



## सूर्या फाउंडेशन को10 दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** ग्राम ढकिया गुलाबों स्थित लिटिल मॉडल स्कूल में सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत आयोजित 10 दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर सम्पन्न हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में लिटिल मॉडल स्कूल के एमडी संतोष कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ सूर्या फाउंडेशन से विकास विश्वकर्मा, विद्यालय की प्रधानाचार्या शिवानी, उत्तराखंड क्षेत्र प्रमुख हिमांशु, स्वरोजगार प्रमुख भरत साह, कंप्यूटर शिक्षिका अमनदीप कौर तथा शिक्षिकाएं सोनम, ईशा, पूजा, रमनदीप, वर्षा, गरिमा और प्रज्ञा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्य अतिथि संतोष कुमार ने कहा कि इस प्रकार के व्यक्तित्व विकास शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं। वहीं अन्य अतिथियों ने भी सूर्या फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे इस सराहनीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस 10 दिवसीय शिविर में बच्चों को विविध प्रकार की रचनात्मक, शैक्षिक एवं व्यवहारिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।



# लायंस क्लब ने बांटा राशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** लायंस क्लब काशीपुर सिटी द्वारा बैसाखी पर पुनीत सेवा कार्य यूएसआर इंदू समिति पीरुमदारा स्कूल में किया गया, जिसमें बच्चे ना सुन सकते हैं ना देख सकते हैं और ना ही बोल सकते हैं और कुछ बच्चे अपंग हैं जिनकी संख्या 100 बच्चे हैं और उनकी देखभाल के लिए 36 सदस्यों का स्टाफ है। उनके दैनिक जीवन के उपयोग के लिए आटा, दाल, राशन व अन्य सामग्री 35 हजार रूपये से अधिक की क्लब द्वारा दी गई।

लायंस क्लब इंटरनेशनल के जिला 321 वी1 में तराई क्षेत्र में प्रथम बार लायंस क्लब काशीपुर सिटी द्वारा बैसाखी के पवित्र उत्सव पर यह पुनीत कार्य किया गया और भविष्य में भी क्लब द्वारा स्कूल मैनेजमेंट को यह विश्वास दिलाया गया कि समय-समय पर इसी प्रकार के पुनीत कार्य स्कूल में किए जाएंगे तथा क्लब द्वारा शीघ्र ही स्कूल में मेडिकल चेकअप कैंप लगाया जाएगा। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष ला. समर पाल सिंह ग्रेवाल, क्लब सचिव लायन जसवीर सिंह, क्लब कोषाध्यक्ष लायन स्वतंत्र कुमार मेहरोत्रा, क्लब पूर्व अध्यक्ष लायन सुखविंदर सिंह, लायन सतविंदर सिंह, लायन बलदेव सिंह, लायन शैलेंद्र मिश्रा एडवोकेट, लायन शेर जंग सिंह धारीवाल, लायन जगतार सिंह ढिल्लों, लायन परमजीत सिंह, लायन आनंद सक्सेना के साथ-साथ क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



## 164 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत बागेश्वर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक बागेश्वर जितेन्द्र मेहरा के निर्देशन में जनपद के सभी थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में एसओजी और थाना कपकोट पुलिस की संयुक्त टीम ने 10 अप्रैल 2026 को चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को 164 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान संतोष सिंह पुत्र भूपाल सिंह, निवासी भराड़ी बमसेरा, थाना कपकोट, जनपद बागेश्वर के रूप में हुई है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जीवन सामन्त (एसओजी), हेड कांस्टेबल विनोद हर्बोला (थाना कपकोट), कांस्टेबल हरीश सनवाल (थाना कपकोट) शामिल रहे।

# रामपुर रोड में जानलेवा गड्ढों से परेशानी

## अब तक कई लोग चोटिल होकर पहुंच चुके अस्पताल, आंदोलन की चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** वार्ड 19 रामपुर रोड क्षेत्र बन रहा हादसों का कारण बन रहा है। समाजसेवी विशाल वर्मा एवं पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने प्रशासन एवं सम्बन्धित अधिकारियों कई बार अवगत कराने के बाद भी गड्ढे एवं सड़कों को दुरुस्त नहीं किया गया। पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने बताया सीवर डालने के नाम पर पिछले 5 से 6 महीनों से गली नंबर 2, गली नंबर 6 व विष्णुपुरी गली नंबर 10 खोद डाली हैं। क्षेत्रवासियों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही माताओं, बहनों, बड़े बुजुर्गो, छोटे बच्चों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। धूल मिट्टी के कारण बच्चे, बड़े बुजुर्ग, महिलाएं बीमार पड़ रहे हैं। 5 से 6 माह निकलने के बाद भी कार्य पूरा नहीं किया गया। विष्णुपुरी गली के बाहर रामपुर रोड मेन रोड में पिछले 2 माह से दिनों से जानलेवा गड्ढा बना हुआ है। 8 से 10 दुर्घटनाएं हो गई हैं।

कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं करवाई गई। प्रशासन कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। पिछले दिनों भी गड्ढों की वज़ह से हादसे, दुर्घटनाओं में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। समा. जसेवी विशाल वर्मा ने बताया 3 माह से सड़के खोद रखी है। रामपुर रोड में वीवीआईपी, नेताओं, से लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय भट्ट, मंत्री राम सिंह कैड़ा, विधायक सुमित हृदयेश, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल का आवागमन इसी रोड से रहता है। हैरानी की बात ये है किसी नेता, अधिकारियों ने ध्यान तक नहीं दिया। समाजसेवियों ने प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से जल्द ही गड्ढे भरने एवं सड़को को दुरुस्त करने कि मांग की है साथ चेतावनी दी सड़कों को दुरुस्त नहीं किया गया तो माताओं, बहनों, बड़े बुजुर्गो के साथ आंदोलन, धरना प्रदर्शन करेंगे।



## अंबेडकर जयंती की तैयारियां तेज

**काशीपुर।** नगर निगम क्षेत्र में अंबेडकर जयंती को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। महापौर दीपक बाली ने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि 14 अप्रैल से पूर्व क्षेत्र में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की सभी प्रतिमाओं की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। महापौर ने अधिका. रियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों पर लगी प्रतिमाओं की विशेष रूप से सफाई, रंग-रोगन और आसपास के क्षेत्रों की स्वच्छता पर ध्यान दिया जाए।

## युवराज सिंह खाती बने भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**लालकुआं।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल लालकुआं में नवनियुक्त महामंत्री बनाए जाने पर युवराज सिंह खाती ने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन द्वारा दिए गए इस दायित्व को बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस मौके पर सांसद अजय भट्ट, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष चंदन बिष्ट तथा मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी ने युवराज सिंह खाती को युवा मोर्चा मंडल महामंत्री बनाए जाने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। सभी ने विश्वास जताया कि युवराज खाती संगठन को और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा युवाओं को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करेंगे।



# नाबालिग के निकाह की सूचना पर पहुंची एसडीएम

- प्रशासन की टीम ने छापेमारी कर बच्ची का किया रेस्क्यू
- चाइल्ड हेल्पलाइन और प्रशासन ने की संयुक्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह के नेतृत्व में शनिवार को गदरपुर क्षेत्र के करतारपुर रोड वार्ड नंबर 1 में एक नाबालिग बच्ची के निकाह की सूचना पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।



जांच के दौरान नाबालिग विवाह की शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद टीम ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची का रेस्क्यू किया। इसके बाद बच्ची को चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम की सुपुर्दगी में देते हुए उसे सुरक्षित रूप से बाल संप्रेषण गृह, रुद्रपुर भेजा गया। आगे की विधिक प्रक्रिया के तहत बच्ची को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां उसकी काउंसलिंग की गई। अधिकारियों के अनुसार, बच्ची की सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही परिवार और संबंधित पक्षों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच सुनिश्चित की जा सके।

उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह ने बताया कि नाबालिग विवाह एक दंडनीय अपराध है और इस प्रकार की घटनाओं पर प्रशासन सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी नाबालिग विवाह जैसी गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस कार्रवाई में पुलिस प्रशासन की टीम के साथ चाइल्ड हेल्पलाइन से स्मिता और पूजा तथा बाल विकास विभाग की टीम भी मौजूद रही।

# छात्रों के साथ भेदभाव करने का लगाया आरोप

- प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने उत्तराखंड सरकार पर लगाए गंभीर आरोप
- एनसीईआरटी की पुस्तकों की कीमत में भारी मुनाफा जोड़कर बच्चों को खरीदने के लिए किया जा रहा है मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने उत्तराखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए छात्रों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने किताबों के रेट सही करने की मांग की है।। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव अनिल अग्रवाल ने प्रदेश सरकार पर छात्रों के साथ भेदभाव और उनके उत्पीड़न का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा स्कूली बच्चों को शिक्षा के लिए एनसीआरटी की पुस्तकों को लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है वहीं उत्तराखंड सरकार द्वारा उन्ही एनसीआरटी की पुस्तकों की कीमत में भारी मुनाफा जोड़कर बच्चों को खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जो पुस्तक एनसीआरटी की दिल्ली में 65 रुपये की मिलती है ।वही किताबें उत्तराखंड सरकार 114 रुपये में बिकवा रही है।एक किताब पर 49६ मुनाफा बसूली की जा रही है जो अभिभावकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है।अब ये बढ़ाई हुई कीमत किसकी जेब मे जा रही है। इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समान चैप्टर वाली दिल्ली में मिलने वाली किताब यदि कोई बुकसेलर उत्तराखंड में लाकर बेचता है तो उसके ऊपर मुकदमा थोप दिया जाता है और उसे उत्तराखंड की बढ़ी हुई कीमत की पुस्तकें खरीद कर बेचने के लिए बाध्य किया जाता है।

उन्होंने इस करोडों के घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए सरकार से इस बढ़ी हुई कीमत की पुस्तकें खरीद कर बेचने के लिए बाध्य करने के आदेश को बापस लेने का अनुरोध किया गया।जिससे अभिभावकों और छात्रों को फायदा पहुंच सके।

## एक नजर

### कटोरी मंदिर में हुआ मां भगवती का विशाल जागरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रम्पुरा स्थित कटोरी मंदिर में मां भगवती के विशाल जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मुख्य ज्योति प्रज्वलित करके किया।' जागरण में भजन गायकों ने पूरी रात मां भगवती का गुणगान कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



इस दौरान प्रस्तुत किए गए मनमोहक भजनों पर श्रद्धालु पूरी रात झूमते नजर आए। शुभारंभ के अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भक्ति और जागरण के आयोजनों से मन को शांति मिलती है और समाज में धार्मिक चेतना का विस्तार होता है। उन्होंने मां भगवती से सभी नगरवासियों के कल्याण और सुख समृद्धि की प्रार्थना की। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से कांति कोली, पूरन लाल पप्पू, सिया राम, धर्मपाल, राजू गुप्ता, गोविंद, सुरेश, केरू मण्डल, शिव कुमार, सुरेश, तुलाराम, मीलाल भगत, ओमप्रकाश, अरुण, दीपक, कल्लू, विद्या रानी, पप्पू कोली, कमला, कंचन, पुष्पा, किरण, राजरानी, मुन्नी देवी, रामा देवी, सुनीता, मुस्कान, पायल, अन्नू, कुसुम, गीता, राम प्यारी, सीमा, मोर कली, राम कली, उषा, त्रिवेणी, भूरी देवी, शिवानी, कोमल, चंदा, सावित्री, माया देवी, विमला, आशा और शरबती सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

# गदरपुर में किताबों के नाम पर खुली लूट

- स्कूलों ने तय की 'फिक्स' दुकान, अभिभावक मजबूर
- चुनिंदा दुकानों से महंगी किताबें रीदने को मजबूर अभिभावक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** क्षेत्र में निजी स्कूलों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे अभिभावकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ताजा मामला गदरपुर के स्कूलों द्वारा निर्धारित की गई "फिक्स" बुक दुकानों से जुड़ा है, जहां से ही बच्चों के लिए किताबें और स्टेशनरी खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। अन्य दुकानों पर किताबें उपलब्ध न होने के कारण अभिभावक मजबूरी में इन्हीं दुकानों से मनमाने दामों पर सामान खरीदने को विवश हैं।

**निजी स्कूलों की मनमानी**

अभिभावकों का आरोप है कि अधिकांश निजी स्कूलों ने कुछ चुनिंदा दुकानदारों के साथ गठजोड़ कर रखा है। स्कूलों द्वारा दी गई किताबों की सूची केवल उन्हीं दुकानों पर उपलब्ध कराई जाती है, जिससे बाजार में प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाती है। इसका सीधा फायदा दुकानदार उठाते हैं और किताबों तथा कॉपियों के दाम मनमर्जी से बढ़ा देते हैं। स्थिति यह है कि अगर कोई अभिभावक दूसरी दुकान से किताबें खरीदना चाहता है तो वहां या तो पूरी किताबें नहीं मिलतीं या फिर स्कूल द्वारा निर्धारित संस्करण अलग बताया जाता है। ऐसे में अभिभावक के पास कोई विकल्प नहीं बचता और उसे तय दुकान से ही खरीदारी करनी पड़ती है।

इस पूरे सिस्टम में पारदर्शिता का अभाव साफ नजर आता है। अभिभावकों का कहना है कि पहले ही निजी स्कूलों की फीस काफी अधिक है, ऊपर से किताबों और यूनिफॉर्म में इस तरह की बाध्यता उनके आर्थिक बोझ को और बढ़ा रही है। कई अभिभावकों ने इसे "खुली लूट" करार दिया है और प्रशासन से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार स्कूल किसी विशेष दुकान से किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते, लेकिन इसके बावजूद इस तरह की प्रथा खुलेआम जारी है। सवाल यह उठता है कि आखिर संबंधित विभाग इस ओर ध्यान क्यों नहीं दे रहा है और कब तक अभिभावक इस तरह शोषण झेलते रहेंगे।

स्थानीय लोगों ने मीडिया के माध्यम से जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच कराई जाए और दोषी स्कूलों व दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि किताबें बाजार में सभी दुकानों पर उचित दामों में उपलब्ध हों, ताकि अभिभावकों को राहत मिल सके।

# प्राइवेट स्कूल-बुक सेलर गठजोड़ से अभिभावकों पर आर्थिक हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**युवा समाजसेवी मो. शादाब ने उठाई आवाज**

**गदरपुर।** शहर में प्राइवेट स्कूलों और बुक सेलरों की कथित मिलीभगत ने अभिभावकों की जेब पर सीधा हमला बोल दिया है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर युवा समाजसेवी मोहम्मद शादाब ने कड़ा विरोध जताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।मोहम्मद शादाब का कहना है कि कई निजी स्कूल अभिभावकों को एक ही निर्धारित दुकान से किताबें और स्टेशनरी खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं, जहां बाजार की तुलना में कीमतें कहीं अधिक वसूली जा रही हैं। इससे न केवल अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है, बल्कि यह पूरी व्यवस्था एक सुनियोजित षड्यंत्र की तरह प्रतीत होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन और कुछ बुक सेलर आपस में सांठगांठ कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि आम अभिभावक महंगाई के इस दौर में पहले ही परेशान हैं। "यह सीधे-सीधे अभिभावकों की जेब पर डाका है,"। शादाब ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने वाले स्कूलों व बुक सेलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अभिभावकों ने भी इस मुद्दे पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से राहत की उम्मीद जताई है। अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग इस गंभीर शिकायत पर क्या कदम उठाता है या फिर यह गठजोड़ यूं ही चलता रहेगा।

### बरहैनी में महात्मा ज्योतिराव फुले की श्रद्धापूर्वक मनाई गई जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले की 199वीं जयंती के अवसर पर बरहैनी में ओबीसी समाज द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा ओबीसी मोर्चा काशीपुर के जिला मंत्री राजेंद्र सिंह सैनी 'राज' के बरहैनी स्थित प्रतिष्ठान पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए। सभी ने एक स्वर में महात्मा फुले के समाज सुधार, शिक्षा और समानता के लिए किए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा फुले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए शिक्षा को सबसे प्रभावी माध्यम बनाया। उन्होंने महिलाओं और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए, जो आज भी समाज को नई दिशा देने में प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में सैनी महासभा बरहैनी के अध्यक्ष कोमल सैनी, धर्म सिंह सैनी, रामचरन सिंह सैनी, करन सिंह सैनी, भाजपा ओबीसी मोर्चा बाजपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह, बलवंत राणा, इंद्रपाल सैनी, हीरालाल, सुंदर, विपिन, रोहित, राहुल, महेश, संजीव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विधायक गोपाल सिंह राणा ने बर्बाद फसल का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर आंधी तूफान एवम ओलावृष्टि में किसानों की बर्बाद हुई। फसल का जायजा लिया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में लगभग आधे दर्जन से अधिक ग्रामों में भ्रमण कर किसानों की बर्बाद फसल का निरीक्षण किया। इसके बाद विधायक ने तहसीलदार नानकमत्ता एवं खटीमा से संपर्क कर किसानों को हुए नुकसान के सर्वे कराने को कहा। उन्होंने ओलावृष्टि एवं आंधी तूफान में अपनी फसल गंवा चुके किसानों की रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिए। विधायक राणा ने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर सरकार से उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के तत्वाधान में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर जारूकता शिविर का आयोजन किया गया।




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में उप जिला चिकित्सालय बाजपुर के सभागार में वरिष्ठ चिकित्सा धिकारी डॉ महेंद्र जयसवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर की ओर से मिलने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं एवं नालसा हेल्पलाइन 15100 की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान डॉ एकता तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस प्रत्येक 11 अप्रैल को मनाया जाता है।इसका उद्देश्य महिलाओं में एनीमिया को कम करने, संस्थागत प्रसव, बेहतर पूर्व और प्रसवोत्तर स्वास्थ्य देखभाल आदि पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने कहा कि लिए हम सब मिलकर हर मां और हर नवजात के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य का संकल्प लें।इस मौके पर डॉ अशोक तोमर डीआर आकांक्षा चौहान, डॉ विनीत कोठारी,डॉ नेहा चौहान,डॉ रविंद्र साहू, दलजीत सिंह गोराया, रीना सिंह,रणजीत कौर, प्रकाश बचखेती, संगीता आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालकों का धरना समाप्त

- पुलिस से वार्ता के बाद पुराने नियम लागू रखने पर सहमति

**टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शनिवार को रामराज रोड स्थित चीमा कॉलोनी में शनिवार को ई-रिक्शा चालकों ने शहर के बाहर संचालन पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।



चालकों ने आरोप लगाया कि पुलिस उन्हें शहर से बाहर सवारी ले जाने से रोकती है, वाहन जब्त करती है और चालान काटती है, जिससे उनके रोजगार पर गंभीर असर पड़ रहा है। धरने के दौरान चालकों ने शहर के भीतर ई-रिक्शा संचालन को लेकर स्पष्ट और स्थायी अनुमति देने की मांग की। उन्होंने कहा कि बार-बार की कार्रवाई से उनकी आजीविका संकट में पड़ रही है। सूचना मिलने पर कोतवाल नरेश चौहान मौके पर पहुंचे और चालकों से वार्ता की। बातचीत के दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि ई-रिक्शा संचालन पुराने नियमों के अनुसार ही जारी रहेगा और अनावश्यक कार्रवाई नहीं की जाएगी। कोतवाल के आश्वासन के बाद चालकों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। पुलिस प्रशासन ने भी चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। वहीं किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नवदीप सिंह कंग ने कहा कि ई-रिक्शा चालकों को किसी भी स्थिति में परेशान नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे उनकी रोजी-रोटी पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से अनावश्यक कार्रवाई से बचने का आग्रह किया।

### आसाम राइफल्स के पूर्व नायक बहादुर सिंह कन्याल का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** आसाम राईफल्स के सेवानिवृत नायक बहादुर सिंह कन्याल वार्ड संख्या 14 का रूद्रपुर मेडिसिटी रुटीन चेकअप के तहत हृदय रुकने से निधन हो गया। वह (67) वर्ष के थे। वह अपने पीछे पत्नी मोहनी कन्याल सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका सहित नातीख्रपोते छोड़ गए। शारदा घाट बनबसा में हुई अंत्येष्टि में चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र चंद्रशेखर कन्याल ने दी। इस दौरान पंकज कन्याल, कृष्ण कन्याल , महेंद्र ठाकुर, कमल मेहरा, कमल सामन्त, देवेंद्र सामान, अमरजीत सिंह, डॉक्टर विनोद कुमार आदि सम्मिलित थे।

# अंकित को मिली पीएचडी की उपाधि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में राजनीति विज्ञान विभाग के शोध छात्र अंकित कुमार को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने पीएच डी की उपाधि प्रदान की है।

अंकित ने अपना शोध कार्य ६ श्रमिक महिलाओं एवं मानवाधिकार: सिडकुल रुद्रपुर के शीर्षक पर किया है। उन्होंने अपना शोध कार्य राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉक्टर जे पी त्यागी के निर्देशन में पूरा किया है।मौखिक परीक्षा कुमाऊं विश्वविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष व संयोजक प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।परीक्षा के लिए बाह्य परीक्षक जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी दिल्ली के राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नावेद जमाल रहे।परीक्षकों ने उनके द्वारा किये शोध कार्य की सराहना की। इस अवसर पर प्रोफेसर नावेद जमाल, प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा, डॉक्टर जेपी त्यागी,कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के राजनीति विज्ञान विभाग में कार्यरत डॉक्टर हृदेश शर्मा, डॉ रूचि मित्तल, डॉक्टर पंकज, डॉक्टर रवि बिष्ट आदि ने अंकित कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# उत्तराखंड उत्तर प्रदेश एवं नेपाल के थारू जनजातियों के रोटी-बेटी के संबंध बरकरार रखने की पहल

- भारतीय थारू कल्याण महासंघ अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन की तैयारी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा ।** भारतीय थारू कल्याण महासंघ वर्ष 2027 में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन की तैयारी में जुटा है। पश्चिम चंपारण बिहार से यहां पहुंचे भारतीय थारू कल्याण महासंघ के पदाधिकारी ने महासंघ के मंत्री एवं नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा से उनके कैंप कार्यालय में महासम्मेलन एवं थारू जनजाति समाज के उत्थान पर चर्चा की।



कैंप कार्यालय में हुई चर्चाओं में विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि थारू समाज जागरूकता के अभाव के चलते यूपी एवं नेपाल में राष्ट्र की मुख्य धारा से नहीं जुड़ सका है। उन्होंने कहा है कि विहार में गोड जनजाति परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ फर्जी तरीके से गौड जाति के लोग ले रहे हैं। उत्तराखंड में आरक्षण के चलते दो विधायक प्रदेश सरकार में जनजातियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जबकि नेपाल में लगभग 10 से अधिक सांसद होने के बाद भी वहां जनजातियों का प्रतिनिधित्व नहीं हो पा रहा है। नेपाल के अलावा बिहार में लगभग 5 लाख से अधिक मतदाता थारू जनजाति के हैं। बैठक में आगामी चुनाव से पूर्व होने वाले परिसीमन में जनजातियों के अनुपात में कार्य करने की आवश्यकता बताई।

संगठन मंत्री विधायक राणा ने कहा कि नेपाल, उत्तराखंड व बिहार के थारू जनजातियों के रोटी बेटी के संबंध और अधिक मजबूत हों , इसका प्रयास जरूरी है । इस दौरान संगठन को मजबूत कर अपने प्रतिनिधि सरकार में भेजने पर सहमति बनी, ताकि अंतरराष्ट्रीय मंच पर थारू समाज की बात उठाई जा सके। बैठक में कमल प्रसाद , खूब लाल बड़घरिया मुखिया नौगांव पंचायत, हरिद्वार कुमार राणा, चंद्र मान, भागीरथ महतो सदस्य मौजूद थे।

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर तहसील में प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शनिवार को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित पक्ष ने आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम और भीम आर्मी के समर्थकों के साथ तहसील परिसर स्थित सीओ कार्यालय का घेराव किया। नाराज लोगों ने कार्यालय के बाहर धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ एससी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, बाजपुर के सीओ विभव सैनी ने मामले की जांच कर दो दिन के भीतर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उनके आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। प्रदर्शन के दौरान सौरभ कुमार (जिला अध्यक्ष, भीम आर्मी), अजय गौतम, सादक अली, टोनी पठान, प्रदीप जाटव, कमल दास, कुमरजीत सिंह पुलिया, प्रशांत जाटव, सिंह स्वरूप भारती, बबलू गौतम, राहुल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के मनोविज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों की सृजनात्मकता एवं अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक विषयों जैसे मानसिक स्वास्थ्य, डिजिटल युग में युवा, आदि पर आकर्षक एवं विचारोत्तेजक पोस्टर प्रस्तुत किए। वहीं निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रभावी ढंग से व्यक्त किए।निबंध प्रतियोगिता में एमए द्वितीय सेमेस्टर की दिव्या कनवाल ने ष्कॉलेज छात्रों में चिंता के उभरते कारण षविषय पर अपना निबंध प्रस्तुत किया और शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया ।वही बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा काजल ने दूसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई जबकि बी. ए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा हर्षिता चंटोला ने तीसरा स्थान सुनिश्चित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में एमए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अनमोल कौर ने डिजिटल युग में अवसाद विषय पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत करते हुए पहला स्थान हासिल किया। वही बी. ए छठे सेमेस्टर की छात्रा सपना तड़ियाल ने द्वितीय स्थान हासिल किया,तीसरे स्थान पर बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मोनिका नेगी रही एवं बीए छठे सेमेस्टर की छात्रा नेहा रावत को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। इन छात्रों ने न केवल अपने विषय की गहरी समझ को प्रस्तुत किया बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर गहरे विचार और सुझाव भी दिए जो उनके विषय पर पकड़ और बौद्धिक क्षमता को दर्शाता है।

विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम सी पांडे ने समारोह में प्रतीक चिन्ह प्रदान किया और उनकी सराहना की।इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग की टीम और निर्णायक के रूप में डॉक्टर पुनीता कुशवाहा,डॉ गरिमा एवं डॉ कृष्णा भारती ने प्रतियोगिता में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले छात्रों की सरहाना की।इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ. कुसुम गुप्ता ने प्रतियोगिता के आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आयोजकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो.एस. एस मौर्या,मनोविज्ञान विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर अनिता जोशी, डॉ.गुरप्रीत सिंह, बलवंत सिंह आदि मौजूद रहे।



### ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत दो अराजक तत्व गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर के निर्देशानुसार ऑपरेशन प्रहार अन्तर्गत 02 अराजक तत्व गिरफ्तार कर उपजिलाधिकारी जसपुर के समक्ष पेश किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मुहजोरी के विवाद में बार-बार एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर शांति व्यवस्था भंग करते हुए झगड़ा करने वाले 02 अराजक तत्वों अरविंद कुमार पुत्र कैलाश चंद्र निवासी वाल्मीकि बस्ती कोतवाली जसपुर उम्र 50 वर्ष एवं आरीन पुत्र मुकेश कुमार निवासी वाल्मीकि बस्ती कोतवाली जसपुर उम्र 25 वर्ष को धारा 170/126/135 BNSS के अंतर्गत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु उपजिलाधिकारी जसपुर के समक्ष पेश किया गया। एसएसआई जावेद मलिक ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार किसी भी दंगा फसाद, नशा तस्कर, हुड़दंडी को बख्शा नहीं जाएगा।

# 19 दिन बाद खत्म हुआ डिप्लोमा इंजीनियरों का आंदोलन

■ सीएम से वार्ता के बाद काम पर लौटे कर्मचारी
■ 27 सूत्रीय मांगों पर विचार का आश्वासन
■ चंपावत सहित प्रदेश में विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ द्वारा अपनी 27 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 19 दिनों से जारी धरना-प्रदर्शन आखिरकार समाप्त हो गया है। देहरादून में महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष आरसी शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से हुई सकारात्मक वार्ता के बाद आंदोलन खत्म करने का निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इंजीनियरों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन देते हुए सभी कर्मचारियों से सरकार पर भरोसा जताने और अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौटने की अपील की। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि आंदोलन के दौरान बाधित हुए कार्यों को अब युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए। प्रांतीय अध्यक्ष आरसी शर्मा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डिप्लोमा इंजीनियरों को आंदोलन का कोई शौक नहीं है, बल्कि मांगों की अनदेखी के चलते उन्हें मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि सरकार के सकारात्मक रुख के बाद अब सभी इंजीनियर पूरी ऊर्जा के साथ अपने कार्यों में जुटेंगे। आंदोलन समाप्त होने से आम जनता ने भी राहत की सांस ली है, क्योंकि कई विकास कार्य और विभागीय सेवाएं प्रभावित हो रही थीं। इधर चंपावत जिले में भी जिला डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के नेतृत्व में सभी विभागों के इंजीनियरों ने अपना काम संभाल लिया है। महासंघ के गोपाल कालाकोटी, प्रबुद्ध शर्मा, देवेश कुमार, परमानंद पुनेठा सहित अन्य पदाधिकारियों ने आंदोलन के दौरान मिले विभिन्न संगठनों, जनप्रति. निधियों, मीडिया और सोशल मीडिया के सहयोग के प्रति आभार जताया। उन्होंने सभी साथियों से आह्वान किया कि पिछले 19 दिनों में रुके कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा कर आम जनता को राहत पहुंचाएं। वरिष्ठ डिप्लोमा इंजीनियर श्री पुनेठा ने बताया कि अब सभी विभागों में इंजीनियर अपने-अपने कार्यों में लग गए हैं और विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आंदोलन रहा जारी

■ 13 अप्रैल को शक्ति प्रदर्शन का ऐलान
■ लोहाघाट में डीएम ने सौंपा नया धरना स्थल, विभिन्न संगठनों का मिला समर्थन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट ( चंपावत )।** तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन सातवें दिन भी जारी रहा। जिला मुख्यालय में चल रहे इस आंदोलन के बीच जिलाधिकारी मनीष कुमार स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं का ज्ञापन स्वीकार किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को राज्य सरकार तक पहुंचाया जाएगा तथा सकारात्मक समाधान का प्रयास किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष मीना बोहरा ने बताया कि कार्यकर्ता न्यूनतम मानदेय 24,000 मासिक किए जाने, सेवानिवृत्ति के समय ध10 लाख की एकमुश्त सहायता देने तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति से मुक्त रखने की मांग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। डीएम के साथ वार्ता के बाद लोहाघाट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए नगर पालिका के रैन बसेरा प्रांगण को अधिकृत धरना स्थल के रूप में चिन्हित कर दिया गया है, जिससे अब आंदोलन व्यवस्थित तरीके से जारी रहेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने 13 अप्रैल को जिला मुख्यालय में सभी ब्लॉकों की एकजुटता के साथ बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने का ऐलान किया है, जिसके माध्यम से राज्य सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति तैयार की जा रही है। धरना स्थल पर आज कांग्रेस, यूकेडी और लोहाघाट विकास समिति के पदाधिकारियों ने पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। उनका कहना था कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगें न केवल न्यायसंगत हैं, बल्कि पूरी तरह व्यवहारिक भी हैं, जिन्हें सरकार को गंभीरता से लेकर शीघ्र पूरा करना चाहिए।

## एक नजर

### छेड़छाड़ मामले में पीड़ित युवती ने पुलिस को सौंपी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव की युवती ने कोतवाली पुलिस को सौपी तहरीर में आरोप लगाया हैं ।

**आरोपियों पर छेड़छाड़ व भाई के साथ मारपीट कर घायल करने का लगाया आरोप**

शनिवार को पीड़िता द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया गया हैं की उसके घर के पास कम्पाइन मशीन से गेहूँ की कटाई के बाद उसके खेत से भी कम्पाइन मशीन द्वारा गेहूं काटे जाने थे। 10 अप्रैल 2026 की रात समय करीब 7:30 बजे पिडिता अपने खेत से कुछ दूरी पर गेहूं काट रही कम्पाइन का पता लेने गयी तो कम्पाइन के चालक बदनीयत से उसका हाथ पकड़कर गन्दी हरकतें करने का प्रयास किया। चिल्लाने पर पास के खेत में खड़ा उसका बडा भाई वहा आ गया तथा उसे बचा लिया। पीड़ित युवती का आरोप हैं की कम्पाइन चालक व उसके अन्य साथी मशीन लेकर भागने लगे जिन लोगों ने रास्ते में सामने से आ रहे। पीड़िता के छोटे भाई को कम्पाइन पर खीच लिया तथा उसके सिर पर लोहे की राड से हमला कर उसे घायल कर दिया, तथा आरोपियों ने मारने की नियत से उसके भाई को मशीन से नीचे खेत में फेक दिया। घटना की सूचना 112 पर पुलिस को दी गई। पीड़िता के परिवार के लोग भाई को खटीमा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए ले गये। आरोपियों से जान माल का खतरा बताते हुए पीड़िता ने तहरीर में नाम जद सभी आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर समाचार लिखे जाने तक मामले में अभियोग पंजीकृत नहीं हो पाया था।

### हाजियों के लिए लगा स्वास्थ्य परीक्षण कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** फैज- ए - आम इंटर कॉलेज में हज पर जा रहे जायरीनों के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में अध्यक्ष हज कमेटी उत्तराखंड सरकार हाजी खतीब अहमद, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोजपाल समेत दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता/क्षेत्रीय नागरिकों/जनप्रतिनिधियों/समाजसे. वियों ने पहुंचकर सहभागिता कर हज यात्रियों को हज की मुबारकबाद दी।




इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोजपाल ने मंच से बोलते हुए सभी हज यात्रियों को अपनी और व भाजपा संगठन की तरफ से हज की मुबा. रकबाद दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी सरकार द्वारा जायरीनों को सभी प्रकार की सहूलते देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को दिए गए है ।राज्य हज समिति अध्यक्ष हाजी खतीब अहमद ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी सरकार/ केंद्र सरकार का हज के लिए किए जा रहे इंतजाम और बेहतर सुविधाओं के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड से वर्ष 2026 में लगभग 1366 यात्री हज करेंगे। हाजियों के टीकाकरण का कार्य 08 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। टीकाकरण से लेकर उड़ान तक की तैयारी पूर्ण की जा रही है जिसकी निगरानी वह स्वयं और उनकी टीम कर रही है जिससे किसी हाजी को किसी भी प्रकार से असुविधा न हो। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इंतजार हुसैन, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ यूनुस चौधरी, आसिफ चौधरी आरिफ अंसारी, चेयरमेन नौशाद सम्राट,प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा शमशाद हुसैन, हज कमेटी सदस्य मो अहसान, फईम खां,मो शाहिद, अबदुल कादिर, इजरुल हक,गुलशन अली,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य खड़क सिंह, ओबीसी मोर्चा महेश प्रजापति, मो नौशाद चेयरमैन भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार मोबिन मलिक, अल्पसंख्यक मोर्चा के सोनू कादरी,गौहर अली, मंडल अध्यक्ष शरीफ खान पत्रकार, नसीम जैदी, कमल चौहान उपस्थित रहे।

### तुषिता का अंतर्राष्ट्रीय मंच पर शानदार चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** शाइनिंग स्टार स्कूल के डायरेक्टर डीएस नेगी व प्रिंसिपल तुलसी सिंह की बेटी,स्कूल की होनहार एवं मेधावी छात्रा तुषिता नेगी का चयन विश्व प्रसिद्ध संस्था युडब्ल्यूसी के प्रतिष्ठित कोस्टा रिका सेंटर में अध्ययन के लिए हुआ है। विशेष बात यह है कि तुषिता को इस चयन के साथ 50 प्रतिशत स्कॉलरशिप भी प्राप्त हुई है, जो उसकी प्रतिभा, मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है।

इसमें प्रवेश पाना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है, क्योंकि यहां दुनिया भर से सीमित और प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया जाता है। इस कठिन और प्रतिस्पर्धात्मक चयन प्रक्रिया को पार कर तुषिता ने न केवल अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय बन गई है। तुषिता ने अपनी निरंतर मेहनत, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से यह मुकाम हासिल किया। उसकी यह सफलता यह दर्शाती है कि समर्पण और सही मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।विद्यालय के प्रधानाचार्य तुलसी सिंह ने तुषिता की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय की शिक्षा पद्धति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। सभी शिक्षकों ने तुषिता को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार, सहपाठियों एवं अभिभावकों में भी इस उपलब्धि को लेकर उत्साह और गर्व महसूस कर रहे हैं।तुषिता की यह सफलता निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

### ज्योतिबा फुले की जयंती पर हुई विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के द्वारा देश के महान विचारक, समाज सुधारक, लेखक एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन विधायक दीवान सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कोसी बैराज पर सफाई अभियान चलाया।



इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नगर मण्डल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती,जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा अजय पाल, नगर मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा चंदन बिष्ट प्रेम मेहरा, अमित कुमार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अनुज कश्यप, पीरुमदारा मंडल के अध्यक्ष बलदेव रावत, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय प्रकाश, राजेंदर सैनी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अर्जुन सिंह, महामंत्री ईशान चौधरी, सनी, नगर मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा संजीव सैनी, महामंत्री नगर शलभ मित्तल,नगर उपाध्यक्ष दीप्ति रावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष अग्रवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश आर्य, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष भावना भट्ट, जगत सिंह बिष्ट, कल्पना शर्मा, सागर माहेश्वरी, जिकरान कुरैशी, शुभम उत्तम, निर्मल सिंह, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# लोहाघाट में तय हुआ अधिकृत धरना स्थल अब रैन बसेरा परिसर में ही होंगे प्रदर्शन

■ बिखरे आंदोलनों पर लगेगा लगाम, प्रशासन का फैसला कानून व्यवस्था और जनता की सुविधा होगी मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** तहसील क्षेत्र में लंबे समय से अधिकृत धरना-प्रदर्शन स्थल के अभाव में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और कर्मचारी संगठनों द्वारा अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शन किए जा रहे थे, जिससे आम जनता को परेशानी के साथ-साथ कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित होने का खतरा बना रहता था। अब इस समस्या का समाधान करते हुए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है।

उपजिलाधिकारी लोहाघाट नीतू डागर ने जानकारी देते हुए बताया कि रैन बसेरा परिसर, ऋषेश्वर मंदिर मार्ग को धरना-प्रदर्शन के लिए अधिकृत स्थल के रूप में चिन्हित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब भविष्य में सभी संगठन अपने धरना-प्रदर्शन और आंदोलन इसी निर्धारित स्थल पर आयोजित करेंगे, जिससे शहर में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी और आम जनजीवन भी प्रभावित नहीं होगा। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इस कदम से जहां कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी, वहीं आम लोगों को भी अनावश्यक असुविधा से राहत मिलेगी।

# ग्राम पंचायत ऐचता में जल भराव से सड़क व मार्गों की हालत बदहाल

■ शिकायत के बाद भी ग्राम पंचायत की बन्द पड़ी नालियों की नहीं ली जा रही सुध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर से सीमावर्ती नानकसागर डाम पार स्थित ग्राम पंचायत ऐचता की अनदेखी के चलते यहां पानी निकासी के लिए बनायी गयी सरकारी नालियों का सफाई ना होने के कारण बन्द नालियों में पानी की निकासी ना होने कारण पानी गांव की सडको पर वह रहा है, जिससे गांव के लोगों को आवागमन घ्मे भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है।

बता दे की नानकसागर डाम पार से मुकेश तिवारी द्वारा साझा की गयी गांव की सडकों पर भरे पानी की तस्वीरें बता रही हैं की ग्राम पंचायत द्वारा यहा विकास के नाम पर केवल सरकारी धन का केवल दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा सड़क के पानी निकासी को बनायी गयी नालियों की सफाई ना कराये जाने से नालियों का पानी सड़क पर वह रहा है। जिससे ना केवल सड़क क्षतिग्रस्त हो रही हैं बल्कि आवागमन भी अवधि हो रहा है। बातते हैं की इस संबध में अधिकारियों एवं पोर्टल पर भी शिकायते की गयी हैं लेकिन किसी के द्वारा भी इस पर अमल नहीं किया गया हैं ।

**गांव की बदहाल सड़कों से ग्राम पंचायत व मौजूदा विधायक को कोई नहीं वास्ता**

**नानकमत्ता।** विधानसभा नानकमत्ता के नानकसागर डाम पार स्थित ग्राम पंचायत ऐचता में नालियों मे जाम गन्दगी, व सड़कों पर भर रहे जल भराव की स्थित को देखकर अन्दाजा लगाया जा सकता है कि मौजूदा ग्राम प्रधान तथा इस विधानसभा के मौजूदा कांग्रेस विधायक ग्रामीण की समस्याओं का कितनी ईमानदार एवं लगन के साथ समाधान कर रहे हैं। बता दे कि विधानसभा सभा चुनाव की नजदीकियों के बाद भी विधायक जी द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं की सुध नहीं ली जा रही है जिसके चलते ग्रामीणों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

# पिथौरागढ़ में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का आगाज

■ डिजिटल माध्यम से होगी मकानों की गणना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** निदेशक एवं मुख्य प्रमुख जनगणना अधिकारी उत्तराखण्ड के निर्देशों के अनुपालन में जनपद पिथौरागढ़ में जनगणना 2027 के प्रथम चरण, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य शामिल है, की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आशीष कुमार भटगाई ने जानकारी दी है कि उत्तराखण्ड राज्य में यह कार्य 25 अप्रैल 2026 से 24 मई 2026 तक पूर्ण रूप से डिजिटल माध्यम से संपन्न किया जाएगा। इस प्रक्रिया में प्रगणकों द्वारा डेटा संकलन के लिए एक समर्पित 'HLO application' का प्रयोग किया जाएगा। जनगणना निदेशालय द्वारा आम जनमानस की सुविधा के लिए विशेष रूप से 'स्व-गणना पोर्टल' (SE Portal) तैयार किया गया है। यह पोर्टल राज्य में आधिकारिक गणना कार्य शुरू होने से पूर्व 15 दिनों की अवधि, यानी 10 अप्रैल 2026 से 24 अप्रैल 2026 तक समस्त प्रदेशवासियों के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके पश्चात अगले 30 दिनों तक प्रगणक घर-घर जाकर डेटा संकलन का कार्य करेंगे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जिले के गणमान्य व्यक्तियों, जिनमें सांसद, कैबिनेट मंत्री, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, ब्लॉक प्रमुख, पार्षद और ग्राम प्रधान शामिल हैं, का विवरण स्व-गणना के माध्यम से दर्ज कराया जाए। समस्त चार्ज जनगणना अधिकारियों और जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ सरकारी कर्मचारियों और जनपद की चर्चित हस्तियों की स्व-गणना का कार्य 24 अप्रैल तक मीडिया कवरेज के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस पूरी प्रक्रिया के मार्गदर्शन के लिए एक 'यूजर गाइड' भी संलग्न की गई है और कार्य पूर्ण होने के उपरान्त इसकी सूचना निर्धारित प्रारूप में जनगणना कार्यालय पिथौरागढ़ को उपलब्ध करानी अनिवार्य होगी।

# नाला बना, निकासी गायब किसानों की फसल बर्बाद

■ प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** विष्णुपुरी कॉलोनी में लाखों रुपये खर्च कर नाला तो बना दिया गया, लेकिन उसकी समुचित निकासी व्यवस्था नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि नगर क्षेत्र का गंदा पानी सीधे मनिहारगोठ क्षेत्र के खेतों में पहुंच रहा है, जिससे किसानों की फसल चौपट हो रही है।

स्थानीय किसानों में भारी आक्रोश है। एन बी जोशी, शंकर राम, मयंक, हरीश राम सहित दो दर्जन से अधिक किसानों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर तत्काल समाधान की मांग की है। किसानों का साफ कहना है कि योजना बनाते समय निकासी की व्यवस्था की होती, तो आज उन्हें यह नुकसान नहीं झेलना पड़ता। सबसे बड़ा सवाल यही हैख़जब नाला निर्माण किया गया, तो आखिर जल निकासी की ठोस योजना क्यों नहीं बनाई गई? क्या यह महज लाप. रवाही है या फिर जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी? इस पूरे मामले में प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। एक तरफ विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अधूरी योजनाएं आम जनता और किसानों पर भारी पड़ रही हैं।

अब देखना यह होगा कि किसानों को इस समस्या से राहत दिलाने के लिए ठोस कदम जाएंगे, या फिर यूं ही किसानों की मेहनत पानी में बहती रहेगी। जो की एक अहम सवाल है।

# चम्पावत पुलिस की बड़ी कार्रवाई




■ हिस्ट्रीशीटर सूरज कश्यप व पत्नी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा/चम्पावत।** पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशन में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई।

शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी टनकपुर विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में SOG, थाना बनबसा पुलिस औरSSB टीम ने संयुक्त चेकिंग के दौरान ग्राम पंपापुर के पास वाहन UK03 TA 2607 (आर्टिका) से 45 ग्राम अवैध स्मैक व 50,700 नगद बरामद किया। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर सूरज कश्यप उर्फ ड्रामा (33 वर्ष) पुत्र स्व. राम अवतार कश्यप निवासी वार्ड नंबर 7, अग्रसेन धर्मशाला के पीछे, थाना बनबसा तथा उसकी पत्नी मीनू कश्यप (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी सूरज कश्यप पर पूर्व में 15 मुकदमे दर्ज हैं और वह हत्या के मामले में सजा काट चुका है, फिलहाल हाईकोर्ट से जमानत पर बाहर था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बनबसा थाने में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# टनकपुर सर्किल में सीओ वंदना वर्मा को भावभीनी विदाई

■ अधिकारियों-कर्मचारियों ने दी शुभकामनाएं




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** क्षेत्राधिकारी टनकपुर सुश्री वंदना वर्मा के जनपद चंपावत से जनपद देहरादून स्थानांतरण के अवसर पर सर्किल टनकपुर में एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टनकपुर चेतन सिंह रावत, थाना अध्यक्ष बनबसा सुरेंद्र सिंह कोरंगा, वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली टनकपुर पूरन सिंह तोमर सहित कोतवाली टनकपुर, क्षेत्राधिकारी कार्यालय टनकपुर, स्प्न एव ैप्न के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से वंदना वर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सुश्री वंदना वर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, जनता की समस्याओं के समाधान और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में सर्किल टनकपुर में कई सराहनीय कार्य संपन्न हुए, जिनकी छाप लंबे समय तक बनी रहेगी। विदाई समारोह के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका व्यवहार सरल, कार्यशैली प्रभावी और नेतृत्व प्रेरणादायक रहा है। उनके स्थानांतरण से विभाग को एक सक्षम अधिकारी की कमी जरूर खलेगी, लेकिन देहरादून में भी वे अपनी सेवाओं से विभाग का नाम रोशन करेंगी।

अंत में सुश्री वंदना वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टनकपुर में मिला सहयोग और स्नेह उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसी तरह अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विभाग की गरिमा बनाए रखेंगे।

# सुविधाओं से भरपूर क्षेत्र, फिर भी एक्सप्रेस ट्रेनों का नहीं ठहराव-आखिर कब जागेगा सिस्टम?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** इंडो-नेपाल सीमा से सटे महत्वपूर्ण क्षेत्र बनबसा की लगातार हो रही अनदेखी अब स्थानीय लोगों के गुस्से का कारण बन चुकी है। एक ओर जहां यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय मोटरेबल रूट, मिलिट्री स्टेशन, शारदा इरीगेशन प्रोजेक्ट और एनएचपीसी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से लैस है, वहीं दूसरी ओर यहां से गुजरने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव न होना गंभीर सवाल खड़े करता है।

**बनबसा की अनदेखी**




स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सावन चंद रजवार ने तीखे शब्दों में अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब प्रदेश के मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र होने के बावजूद बनबसा को यह बुनियादी सुविधा नहीं मिल पा रही है, तो यह सीधे-सीधे जनहित की अनदेखी और प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब ट्रेन टनकपुर से मात्र 2 मिनट पहले बनबसा से गुजरती है, तो आखिर उसे यहां 1-2 मिनट रोकने में क्या दिक्कत है? इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की उदास. ीनता के चलते यह मांग वर्षों से अधूरी है।

स्थानीय जनता का कहना है कि सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे तो करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इतने महत्वपूर्ण क्षेत्र को आज भी बुनियादी रेलवे सुविधाओं से वंचित रखा गया है। अब लोगों का सब्र जवाब दे रहा है और वे जल्द ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# वॉलीबाल प्रतियोगिता से दिया नशामुक्ति का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करने की सोच के साथ राय नगर चौड़ी में "जय मां भगवती वॉलीबॉल प्रतियोगिता" का भव्य आयोजन किया गया। युवक मंगल दल की इस सराहनीय पहल ने पूरे क्षेत्र में खेल और उत्साह का माहौल बना दिया।



प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश चन्द्र पाण्डेय द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। प्रतियोगिता में जिले भर की 8 टीमों ने भाग लेकर दमदार खेल का प्रदर्शन किया। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त ऊर्जा और जीत का जज्बा देखने को मिला, जिससे दर्शक भी रोमांं. चत हो उठे। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नरेश राय, पूर्व ग्राम प्रधान जितेन्द्र राय, भैरव दत्त राय, मनोज कापड़ी, विवेक राय एवं शुभम राय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। युवक मंगल दल के अध्यक्ष नीरज राय ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशामुक्त बनाना और उन्हें खेलों के माध्यम से शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रहेंगी। मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र पाण्डेय ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और भी बढ़ा है।

